<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

रामनवमी पर्व पर राज्यपाल की बधाई

लखनऊः 27 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन के अनेक पक्ष जैसे आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, आदर्श राजा आदि सभी मानव के सामाजिक जीवन में सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें सीख लेते हुए उसे आत्मसात करने की जरूरत है।